




अंक 10, 19 जून 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तृत प्रवास, महाराष्ट्र

16, 17 और 18 जून 2017




# सशक्त और आत्मनिर्भर भाजपा

# प्रवास कार्यक्रम

## 16 जून 2017 (प्रातः 7.00 से रात्रि 01.00)







7.00 दिल्ली निवास से हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

8.00 दिल्ली से प्रस्थान

10.35 मुंबई हवाई अड्डे में आगमन और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकत्ताओं द्वारा भव्य स्वागत

11.00 शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज, वीर सावरकर, बाबा साहब अम्बेडकर और बाला साहब ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजली

11.50 सह्याद्री गेस्ट हाउस में आगमन

12.20 गरवारे क्लब में आगमन

12.20 प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ खुली चर्चा में श्री अमित शाह ने सभी के विचार सुने और पार्टी को मजबूती देने से सम्बंधित मुद्दों पर संक्षिप्त संबोधन दिया

1.40 मुख्यमंत्री आवास में वरिष्ठ संपादकों के साथ भोजन पर अनौपचारिक चर्चा के दौरान श्री शाह ने सभी प्रश्नों के सधे उत्तर देते हुए अनेको मुद्दों पर मीडिया में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया

2.30 मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश मंत्री परिषद् की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी, सरकार और गठबंधन के बीच समन्वय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

3.40 मुख्यमंत्री आवास में वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा

5.00 सह्याद्री गेस्ट हाउस में एन.डी.ए. के साथ बैठक में गठबंधन को मजबूत करने से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा

5.40 सह्याद्री गेस्ट हाउस सभागार में प्रदेश पदाधिकारियों और मोर्चा प्रतिनिधियों के साथ पार्टी विस्तार और संगठनात्मक मजबूती से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुली चर्चा

7.15 वरिष्ठ प्रदेश और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा

8.00 मराठी नाट्य और सिनेमा से जुड़े कलाकारों के साथ भोजन पर उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा

9.20 मराठी टेलीविजन चैनल के साथ साक्षात्कार

9.50 मराठी टेलीविजन चैनल के साथ साक्षात्कार

10.20 मराठी अखबारों के साथ साक्षात्कार

11.45 वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा

1.00 रात्रि विश्राम



## 17 जून 2017

(प्रातः 8.30 से रात्रि 1.15)










**8.30** पार्टी के वरिष्ठ साथियों के साथ नाश्ते पर चर्चा

**9.40** संघ कार्यालय में आगमन और परिवार के साथ समन्वय के विभिन्न मुद्दों पर खुली चर्चा

**11.10** वसंत स्मृति, मुंबई प्रदेश कार्यालय में कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोर ग्रुप सदस्यों की जिम्मेदारियों का निर्धारण करके इसके काम-काज का रोड मैप तय किया

**12.10** विभागों और प्रकल्पों की बैठक में श्री अमित शाह ने इनके लक्ष्यों और उनकी मानिटरिंग की प्रणाली तय की

**1.40** कोहिनूर हाल में भोजन के दौरान सामाजिक और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ लोगों के साथ अनौपचारिक चर्चा में श्री अमित शाह ने भाजपा सरकारों की इस क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता और कार्यो को रखांकित किया

**3.15** वसंत स्मृति में प्रेस वार्ता में श्री शाह ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मीडियाकर्मियो के कठिन प्रश्नों की सधे जवाब देते हुए पार्टी का पक्ष रखा और मोदी सरकार के तीन वर्षों के काम का लेखा जोखा दिया

**4.10** मुंबई भाजपा के पदाधिकारियों के साथ चर्चा में श्री अमित शाह ने सभी के विचारों को खुले मन से सुना

**5.45** वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**8.15** विर्ला मातोश्री हाल, मरीन लाइंस में मुम्बई के गुजराती समाज द्वारा "समाज गौरव" सम्मान से सम्मानित किया गया

**11.45** सह्याद्री गेस्ट हाउस में आगमन और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दो दिनों के कार्यक्रमों की समीक्षा

**1.15** रात्रि विश्राम



# प्रवास कार्यक्रम

## 18 जून 2017 (प्रात: 8.45 से रात्रि 11.45)









**8.45** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सुबह का नाश्ता

**10.00** मातोश्री में श्री उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन समन्वय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**12.00** आई.टी. सोशल मीडिया और चुनाव विभाग की प्रस्तुति के बाद श्री अमित शाह ने सोशल मीडिया के लक्ष्य निर्धारित किये और चुनाव विभाग को भाजपा के विस्तार के लिए रणनीति बनाने का रोड मैप तय किया

**1.10** पंडित दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना में निकले पूर्णकालिक विस्तारकों को स्वयं प्रशिक्षण देकर उन्हे उत्साहित किया और प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उनके समन्वय की रणनीति तय की

**2.15** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भोजन

**4.00** सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन और पूजा

**4.30** बी.जे. हाल में प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने पार्टी की विचारधारा और मोदी सरकार के तीन वर्षों के काम को मजबूती से रखा

**6.45** मुंबई हवाई अड्डे में आगमन

**7.45** दिल्ली के लिए प्रस्थान

**10.15** दिल्ली आगमन

**10.45** दिल्ली में एक सामाजिक समारोह में भागेदारी

**11.15** दिल्ली आवास में आगमन

**11.45** रात्रि विश्राम






# सशक्त और आत्मनिर्भर भाजपा



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह विस्तृत प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर रहे। इस प्रवास में उन्होंने महाराष्ट्र में अनेक कार्यक्रमों, बैठकों को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा, संवाद एवं मुलाक़ात की दृष्टि से यह प्रवास अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस प्रवास कार्यक्रम को पार्टी महाराष्ट्र में संगठन की दृष्टि से विभिन्न उपलब्धियों के रूप में देख रही है।

- अपने तीन दिन के विस्तारक प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा गठबंधन धर्म का सम्मान करती है, परन्तु प्रदेश और राष्ट्रहित के किसी भी मुद्दे पर सिर्फ सरकार चलाने के लिए समझौता करने को तैयार नहीं है। श्री अमित शाह ने सशक्त और आत्मनिर्भर भाजपा सरकार बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पार्टी में नई ऊर्जा का संचार किया।

- पिछले विधानसभा चुनाव के अतिरिक्त भाजपा एक लम्बे समय से शिवसेना के साथ गठबंधन में रही है, जिससे कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में पार्टी का वांछित संगठनात्मक विकास नहीं हो पाया। श्री अमित शाह ने पार्टी प्रतिनिधियों के साथ ऐसे कमजोर क्षेत्रों को न सिर्फ चिन्हित किया बल्कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूती देने की कार्ययोजना की भी रचना की। श्री अमित शाह के इस प्रयास से शीघ्र ही भाजपा की सम्पूर्ण प्रदेश में एक मजबूत पार्टी बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना से निकले विस्तारकों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कठिन लक्ष्य तो तय किए परन्तु सौंपें गए कार्यों के निस्तारण में आने वाली बाधाओं का संज्ञान लेकर उन्होंने विस्तारको को प्रोत्साहित भी किया। विस्तारक योजना में प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रियों और पदाधिकारिओं को भी जिम्मेदारियां दे कर, उनकी जमीनी विस्तारकों के साथ समन्वय की रूप रेखा तय कर के श्री अमित शाह ने सम्पूर्ण संगठन को एक मजबूत सूत्र में पिरो दिया।

- प्रदेश सरकार और प्रदेश संगठन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से संयुक्त संवाद करके श्री अमित शाह ने सरकार और पार्टी के बीच समनव्य को और अधिक सुदृढ़ किया, जिससे राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों को जनता के बीच पहुचाने के प्रयासों को गति मिलेगी। श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस के नेतृत्व पर विश्वास जता कर स्थानीय नेतृत्व को मजबूती दी।

- मोदी सरकार ने महाराष्ट्र को केंद्र द्वारा दी जाने राशि कि 1,15,539 करोड़ से बढ़ा कर 2,84,184 कर दी जो लगभग ढाई गुना की वृद्धि है। श्री अमित शाह ने अन्य लाखों करोड़ के केन्द्रीय अनुदान का भी उल्लेख करते हुए महाराष्ट्र के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता को रेखांकित करके आम जनता में एक मजबूत सन्देश दिया।

- स्थानीय मराठी चित्रपट से जुड़े कलाकारों से मिलकर श्री अमित शाह ने उनके मुद्दों का संज्ञान लेते हुए उन्हें यथोचित आश्वासन भी दिया। शाह के इस प्रयास से भाजपा का प्रदेश की संस्कृति से जुड़ाव का सन्देश गया, जिसका लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा।

- प्रबुद्ध वर्ग को दिए गए उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मजबूती के साथ भाजपा की विचारधारा को सामने रख कर स्पष्ट किया कि कैसे भाजपा अन्य राजनैतिक दलों से अलग है। श्री अमित शाह के इस उद्बोधन से भाजपा की विचारधारा से मजबूती से जुड़ी, सुशासन को प्राथमिकता देने वाली और राष्ट्र को सर्वोपरि मानने वाली छवि को और मजबूती मिलेगी।

- श्री अमित शाह ने अपने प्रवास की शुरुआत छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की, जिससे भाजपा और मराठा गौरव के बीच अटूट जुड़ाव का सन्देश गया। इसके अतिरिक्त श्री अमित शाह द्वारा बाला साहब को भी श्रद्धांजली देने से भाजपा की दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर महान व्यक्तित्वों को सम्मान देने की परम्परा को बल मिला।

# सहयोग, आपदीय राहत व सेवाएँ विभाग

भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने और अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति कार्यकर्ताओं को तैयार रखने में विश्वास करती है। पार्टी का मानना है कि सामजिक दायित्वों के बिना राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने से सही और सार्थक उद्देश्य प्राप्त नहीं हो सकते हैं। सार्वजनिक जीवन में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने राजनीतिक लक्ष्य के रूप में सामजिक उत्थान को वरीयता देनी चाहिए। अतः भाजपा ने राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग, आपदा की स्थिति में राहत कार्य एवं सेवा क्षेत्र में सक्रियता के लिए एक विभाग बनाया है। इस विभाग को **"सहयोग, आपदीय राहत एवं सेवाएँ विभाग"** के नाम से जाना जाता है। इस विभाग के अंतर्गत पार्टी ने विभिन्न कार्यों, उद्देश्यों को चिन्हित किया है।

- पार्टी के मुख्य कार्यालयों में मंत्रियों की जनता से मिलने-जुलने, कार्यकर्ताओं को मंत्रियों से मिलने की नियमित एवं सुदृढ़ व्यवस्था का दायित्व सहयोग, आपदीय राहत व सेवाएँ विभाग का है। पार्टी में सही ढंग से यह व्यवस्था संचालित हो, इसके लिए इस विभाग से जुड़े लोग कार्य योजना तैयार करते हैं और उसे मूर्त रूप देने का कार्य करते हैं।

- इस विभाग को ही यह दायित्व दिया गया है कि वह अपने कार्यों, उद्देश्यों एवं दायित्वों की नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की खामियों को तुरंत दूर करने एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कोशिश करे। इससे कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि होती रहेगी।

- इस विभाग का यह दायित्व भी है कि कार्यकर्ताओं का मंत्रियों से मिलना तो हो ही साथ में उनकी समस्याओं का निवारण भी होता रहे। कार्यकर्ताओं के उचित मसलों का यथोचित निवारण कराने का दायित्व इस विभाग को दिया गया है।

- देश में समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं से लोग पीड़ित होते हैं। ऐसी स्थिति में पार्टी का यह विभाग उन पीड़ित लोगों से सामजिक सरोकार के रूप में मदद पहुंचाने, राहत कार्य में हाथ बटाने, सहायता के अलग-अलग माध्यमों से उन्हें मदद पहुंचाने का कार्य करता है।

- सेवा से जुड़े अन्य क्षेत्रों में यह विभाग कार्य करने के लिए अपनी कार्य रचना तैयार करता है और उसका सही जगह पर उपयोग करता है।

## सहयोग, आपदीय राहत व सेवाएँ विभाग पर श्री अमित शाह का विचार

एक राष्ट्रीय दल होने के नाते भाजपा के हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह समाज की सेवा में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हर संभव योगदान करे। प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में हमारी यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अतः देश के किसी भी कोने में किसी भी प्रकार की आपदा आने पर प्रदेश की "सहयोग एवं आपदीय राहत व सेवा विभाग" का दायित्व कि वह स्थानीय स्तर पर राहत सामग्री एकत्रित करके पीड़ित राज्य में पहुंचाए।

# महाराष्ट्र प्रवास में श्री अमित शाह द्वारा दिए उद्बोधनों के मुख्य बिंदु



देश में लगभग 1650 छोटी-बड़ी पार्टियों में से आज सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके अंदर आतंरिक लोकतंत्र बचा हुआ है। यदि पार्टी के अंदर ही लोकतंत्र नहीं है तो वह देश का भला कभी नहीं कर सकती।

*****

कांग्रेस की सरकार में 14वें वित्त आयोग के समय सेन्ट्रल टैक्स में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 74,104 करोड़ रुपये थी जबकि मोदी सरकार में 15वें वित्त आयोग में यह 2,19,165 करोड़ रुपये हो गयी है। ग्रांट इन ऐड को भी 16,331 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 33,595 करोड़ कर दिया गया है।

*****

महाराष्ट्र को स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रांट के तौर पर अब 1,835 करोड़ रुपये की जगह 6,140 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। लोकल बॉडीज ग्रांट के लिए 8,497 करोड़ की जगह 27,448 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। कुल मिलाकर महाराष्ट्र को 1,60,000 करोड़ रुपये की सहायता की गई है।

*****

महाराष्ट्र को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हेतु 26,000 करोड़ रुपये और 2015 के सूखे से निपटने के लिए अलग से 3050 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।

*****

कांग्रेस और भारतीय जन संघ की विचारधारा में एक बड़ा मूल अंतर यह था कि कांग्रेस देश का नवनिर्माण करना चाहती थी जबकि भारतीय जन संघ देश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली वैभव के आधार पर देश का पुनर्निर्माण करना चाहती थी।

*****

जीडीपी के चारों सेगमेंट में सबसे कठिन सेगमेंट है कृषि विकास दर को बढ़ाना और महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़नवीस सरकार ने केवल ढाई साल में यह कायकर दिखाया है।

**"भाजपा की देवेंद्र फड़नवीस सरकार ने कई मोर्चों पर अच्छा काम करके दिखाया है लेकिन कृषि विकास के क्षेत्र में महाराष्ट्र ने अद्भुत सफलता हासिल की है। महाराष्ट्र का एग्रीकल्चर ग्रोथ जो पहले -8% था, उसमें 20% की बढ़ोत्तरी करने का काम राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया है।"**

BJP chief in Mumbai for three days

आज अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर

मुंबईत आज भाजपचे शक्तिप्रदर्शन!

प्रत्येक नगरसेवकाला किमान १ बसभर लोकांचे टार्गेट

अमित शहांच्या दौऱ्यात मुंबई भाजपचे आज शक्तिप्रदर्शन

Use Deen Dayal's logo in govt ads, says BJP chief

नेता नहीं, संगठक के रोल में नजर आए शाह

'शत प्रतिशत' सत्ता हेच ध्येय!

अमित शहा यांची पदाधिकाऱ्यांना सूचना; शिवसेनेचे लाढणे नको

कर्जमाफीच्या निर्णयानंतर 'मध्यावधी'बाबत भाजप सावध

अमित शहा : शेतकऱ्यांचे प्रश्न संवेदनशीलतेने हाताळले

फडणवीस यांचे 'टीमवर्क' उत्तम

विश्व स्तर की पार्टी बन गई है बीजेपी: अमित शाह

BJP CHIEF'S CLARION CALL

BJP should expand to bring social transformation: Shah







राज्यातील सरकार पाच वर्षांचा कार्यकाळ पूर्ण करेल!

Perform or perish, Shah tells BJP MLAs in Maharashtra

Fadnavis govt will complete full term: Amit Shah

Correspondent

'Nothing wrong in meeting Uddhav'

▶From P 1

Shah: BJP ready for mid-term polls if imposed upon in state

Prafulla.Marpakwar @timesgroup.com

Mumbai: BJP chief Amit Sh-

शहा आजपासून तीन दिवस मुंबईत

Sena likely to agree with BJP's choice

आता आमचे प्रत्येक जागेवर लक्ष राहणार : अमित शहा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय

जन्म शताब्दी वर्ष

अमित शहा आज मातोश्रीवर!

सरकारमधील दुय्यम वागणुकीबाबत शिवसेनेकडून नाराजी व्यक्त होण्याची शक्यता

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017